# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–03.01.2025 (दोपहर–1455 बजे)

******* *******

राज्य सरकार रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार रांची सदर अंचल के सीओ मुंशी राम की संपत्ति की जांच करायेगी। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जांच में अगर आरोपी सीओ के पास आय से अधिक संपत्ति का पता चलता है तो उनके खिलाफ इस मामले में अलग से प्राथमिकी दर्ज की जायेगी। श्री गुप्ता ने कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनायी है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार रोकने के लिए जन सहभागिता जरुरी है।

******* *******

राज्य में तीन नये आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कई कदम उठाये जा रहे हैं। इस सिलसिले में एडीजी प्रशिक्षण सुमन गुप्ता ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सभी जिलों के एसपी के साथ बैठक की। बैठक में ई–साक्ष्य एप के इस्तेमाल की समीक्षा की गयी। एडीजी ने सभी एसपी को घटना से संबंधित वीडियो और फोटो ई–साक्ष्य एप पर अपलोड करने का निर्देश दिया।

******* *******

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का फॉर्म अब कॉमन सर्विस सेंटर– सीएससी में नहीं भरा जा सकेगा। राज्य सरकार ने सीएससी के साथ समझौता रद्द कर दिया है। महिला बाल विकास विभाग की निदेशक समीरा एस के हस्ताक्षर से जारी आदेश में कहा गया है कि 31 दिसंबर 2024 के बाद सीएससी के जरिये आवेदन लेने और उनके डिजिटलीकरण का काम बंद कर दिया गया है। अब सीएससी की सेवा की जरुरत नहीं है। हालांकि नयी व्यवस्था के बारे में अब तक सरकार की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गयी है।

******* *******

बोकारो जिले में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कई कदम उठाये जा रहे हैं।

******* *******

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सवित्रीबाई फुले को उनकी जंयती पर श्रद्धांजति दी। सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा कर प्रधानमंत्री ने सवित्रीबाई फुले को महिला सशक्तिकरण की सूत्रधार और शिक्षा और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में प्रेरणा का स्रोत और मार्गदर्शक बताया।

******* *******

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी सावित्रीबाई फूले को नमन किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री सोरेन ने कहा है कि अबुआ सरकार झारखण्ड की लाखों बेटियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़कर उनके सपनों को पंख देने का काम कर रही है।

******* *******

हॉकी इंडिया लीग में आज राउरकेला में तमिलनाडु ड्रैगन्स का मुकाबला वेदांता कलिंगा लैंसर्स से होगा। यह मैच रात सवा 8 बजे से खेला जाएगा। इससे पहले कल रात यूपी रुद्राज ने अपने दूसरे मैच में सूरमा हॉकी क्लब को शून्य के मुकाबले तीन गोल से हरा दिया।

****समाप्त****